अमृतसर में धड़ल्ले से बिक रहा था नकली पनीर, खाद्य सुरक्षा विभाग ने मारा छापा; दो डेयरियों से 70 किलो जब्त

**जागरण संवाददाता, अमृतसर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को मजिठा क्षेत्र में दो दूध डेयरियों का निरीक्षण कर 70 किलो पनीर जब्त किया है।
एक डेयरी से बरामद पनीर की गुणवत्ता को लेकर विभाग ने सैंपल भी लिए हैं। दोनों डेयरियों से लिए गए पनीर के दो सैंपल जांच के लिए स्टेट फूड लैब खरड़ भेजे जाएंगे।

Source: https://www.jagran.com/punjab/amritsar-spurious-paneer-was-being-sold-openly-in-amritsar-food-safety-seizes-70-kg-paneer-from-two-dairies-40360212.html